# भागीरथी बाल शिक्षा सदन सेकेण्डरी स्कूल

## विषय – संस्कृत (व्याकरण)

## कक्षा – VII

## वर्ण-विन्यासः वर्ण-संयोजनम् च

**वर्ण** :- उस छोटी से छोटी ध्वनि को कहते हैं, जिसके टुकड़े न हो सकें।
जैसे :- अ, इ, उ, क्, च्, प् आदि।

**वर्ण विन्यास** :- किसी भी पद के वर्णों को अलग-अलग करना।

उदाहरण :-
1. साधुः = स् + आ + ध् + उः ।
2. राजन् = र् + आ + ज् + अ + न् ।
3. कक्षा = क् + अ + क् + ष् + आ ।

**वर्ण-संयोजनम्** :- वर्णों को मिलाकर या जोड़कर पद बनाना।

व्यंजन के साथ स्वर जुड़ जाने उसका हलन्त ( ् ) हट जाता है तथा व्यंजन से स्वर अलग कर दिए जाने पर व्यंजन हलन्त ( ् ) हो जाता है।

उदाहरण :-
1. म् + अ + त् + इः = मतिः ।
2. श् + उ + क् + अः = शुकः ।
3. व् + ऋ + क् + ष् + अः = वृक्षः ।

### मूल्यांकन कार्य

1. निम्नलिखित पदों का वर्ण-विन्यास कीजिए।
   कृषकः, वचस्, गतिः, भवान्, दीपावली, अध्यापकः
2. वर्णों को जोड़कर लिखिए।
   1. क् + अ + ल् + इ + क् + आ =
   2. श् + इ + क् + ष् + अ + क् + अः =
   3. ब् + आ + ल् + इ + क् + आ =
   4. स् + अ + ज् + ज् + अ + न् + अः =
   5. ग् + र् + ई + व् + आ =

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner